## एक नजर में

### केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने किया भारत का प्रतिनिधित्व





**अमेरिका के न्यूयॉर्क से नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए किया भव्य स्वागत**

**धार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री एवं धारङ्कमहू लोकसभा क्षेत्र की माननीय सांसद सावित्री ठाकुर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित महिला स्थिति आयोग (*CSW*) के 70वें सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करने हेतु पहुंची थी ।

यह महत्वपूर्ण वैश्विक सम्मेलन का 5 दिवसीय आयोजन जिसमें विश्व के विभिन्न देशों के प्रतिनिधि महिलाओं के अधिकार, लैंगिक समानता तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया । इस अवसर पर एक बार फिर भारत सरकार की ओर से सावित्री ठाकुर ने वैश्विक मंच पर भारत की नीतियों, उपलब्धियों और प्रतिबद्धताओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया ।

इस पांच दिवसीय महत्वपूर्ण यात्रा से लौटने बाद प्रथम धार नगर आगमन पर उत्साहित कार्यकर्ताओं एवं समर्थको ने हर्ष जताते हुए उनका जोश के साथ स्वागत किया । नगरगमन पर सर्वप्रथम केंद्रीय मंत्री श्रीमती ठाकुर ने महाराजा भोज उद्यान पर राजाभोज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तत्पश्चात उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनका सम्मान एवं स्वागत किया । इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शरद विजयवर्गीय ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे , पूर्व मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर, संजय शर्मा, कमल जेन मामा, राजेश डाबी , अनिल गेहलोत, कैलाश पिपलोदिया , राजेश चौहान , सोनिया राठौर, महेश बोडाने, सन्नी होड़ा, संदीप आर्य, पूनमचंद फकीरा, शांतिलाल शर्मा, देवांग पंवार, शैलेंद्र चौरसिया, लक्ष्मीनारायण नायक, लखन शर्मा, अभय वसुनिया, निलेश राठौर, हरीश आर्य , अनिल यादव ,भय्यूराम ,जतिन मौर्य ,अर्पित पटोंदिया ,राहुल परमार,नीलेश राठौर ,अमन फकिरा ,गोरव जाट,संतोष कुशवाह , रीमा राठौर ,अनुसुइया वैष्णव , प्रज्ञा ठाकुर, आदि उपस्थित थे ।

### धार- वैश्य महासम्मेलन मप्र वैश्य दिवस गुड़ी पड़वा पर निकालेगा भव्य शोभायात्रा

**धार।** वैश्य समाज द्वारा परंपरा अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा, विक्रम संवत् 2083 वैश्य दिवस के पावन अवसर पर दिनांक 19 मार्च 2026, गुरुवार को शाम 7 बजे माता लक्ष्मीजी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा समग्र वैश्य समाज, धार द्वारा आयोजित शोभायात्रा मेंसमग्र जैन समाज, अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, विजयवर्गीय समाज, श्री गौ? महाजन समाज, खंडेलवाल समाज, नीमा समाज, ला? समाज, दशोरा महाजन समाज, श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, सोनी स्वर्णकार समाज, जायसवाल समाज एवं समस्त वैश्य समाज, धार ब?ी संख्या में समाज शामिल होगा। गुड़ी पड़वा पर निकलने वाली शोभायात्रा का मार्ग धानमंडी चौक से प्रारंभ होकर सेनापति मार्ग,बनियावाडी, एम.जी. रोड,आनंद चौपाटी, जवाहर मार्ग,धानमंडी चौक पर समापन होगा, कार्यक्रम संयोजक के प्रवीण गुप्ता, कैलाश लाड, अभिषेक भंडारी,श्याम खंडेलवाल, राजीव नीमा, अजय लुहाड़िया, सतीश अग्रवाल रहेंगे। जिलाध्यक्ष आशीष गोयल,महिला जिलाध्यक्ष रेखा मेहता, युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक भंडारी सहित मुख्य,महिला और युवा इकाई के सभी पदाधिकारीयों ने शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश धार के मीडिया प्रभारी श्याम मंगल लेब? ने दी

### धार जिले की अंडर-13 क्रिकेट टीम घोषित



**धार।** इंदौर डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट स्पर्धा जो खरगोन जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 20/03/2026 से आयोजित की जाएगी। इस हेतु धार जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 15 फरवरी को डी.आर.पी.लाईन मैदान पर चयन ट्रायल आयोजित किया गया जिसमें अंडर-13 की क्रिकेट टीम का चयन मुख्य चयनकर्ता ,प्रमोद शर्मा ,अम्बालाल पाटीदार,कपिल यादव ने किया चयन स्पर्धा में जिले की समस्त तहसीलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया चयनित टीम इस प्रकार है प्रत्यूष यादव (कप्तान) दर्श चौहान (धार) अरुण वर्मा (धार) वेदांश सूर्यवंशी (मनावर ) राजवीर जिराती (धार )वैदिक यादव (धार )कुंदन वसुनिया (राजगढ) अथर्व राठोड (धार) लाभांश चोयल (राजगढ )तेज पाटीदार (मनावर) रचित कटारिया (धार) अक्षित पढीयाल (धार) तन्मय चौहान (धार) धीरज नाथ (राजगढ ) श्रीमन शर्मा (मनावर ) प्रवीण यादव (धार),बिट्टू वसुनिया(राजगढ), चेतन्य गवली(मनावर), कुशाग्र बर्फा(राजगढ), श्रेष्ठ कन्जरिया(राजगढ) टीम कोच और मैनेजर लक्ष्मण सिंह चौहान होंगें चयनित टीम को एसोसिएशन के चेयरमैन करन जी पवार, अध्यक्ष प्रदीप जोशी, सचिव राजेन्द्र सिंह चौहान ,उपाध्यक्ष धीरेंद्र दीघे , विनोद जी मित्तल, डॉअजेशमाइकल,रामगोपाल शर्मा,अमित जैन,युनुस खान धरमपुरी आदि ने बधाई प्रेषित की। यह जानकारी एसोसिएशन के प्रवक्ता कुशल शर्मा ने दी।

# सनसनीखेज डकैती का 48 घंटे में खुलासा

**नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर डकैती करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार**



**धार। ब्राह्मण मोहल्ला बाग निवासी राजकुमार मालवी के घर नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर की गई डकैती का पुलिस ने 48 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। मालवी ने 13 मार्च को थाना बाग में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अज्ञात बदमाशों व्दारा सुबह 09.30 बजे के लगभग नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर, बंधक बनाकर घर में फर्जी रेड डाल कर सोने के आभूषण व नगदी आदि डकैती कर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बाग में अपराध क्रमांक 86/2026 धारा 310(2), 127(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था ।**

जानकारी अनुसार घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश भोपाल कैलाश मकवाना द्वारा लगातार उक्त घटना की मानिटरिगं कर पुलिस महानिरीक्षक इन्दौर ग्रामीण जोन इन्दौर अनुराग (भा.पु.से.), उपमहानिरीक्षक इन्दौर ग्रामीण जोन इन्दौर मनोज कुमार सिंह (भा.पु.से.).,उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी , उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक खण्डवा मनोज राय,पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपुत, को निर्देशित किया गया जिनके मार्गदर्शन में धार पुलिस की 05 टीम , खण्डवा पुलिस की 04 टीम , सायबर सेल टीम धार, व पुमनि कार्यालय की सायबर टीम को घटना की पतारसी, आरोपीयों की गिरफ्तारी एवं लुट के माल की बरामदगी हेतु लगाया गया ।

धार पुलिस से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार विजय डावर के नेतृत्व में सीसीटीव्ही, सायबर एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिये अलग-अलग टीमों का गठन किया गया जिनमें नगर पुलिस अधीक्षक धार सुजावल जग्गा (भा.पु.से.),अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुक्षी सुनिल गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ब्रजेश मालवीय , जिलें के थाना प्रभारियों व सायबर सेल धार टीम को आरोपियो की धर-पक? व उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।

ज़ इसी तरह की वारदात 12 मार्च 2026 को ग्राम पामाखेड़ी थाना नर्मदानगर जिला खण्डवा में भी अंजाम दिया जाना पाया गया, खण्डवा से सम्पर्क कर घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों के सीसीटीव्ही फुटेज प्राप्त कर जिला धार एवं जिला खण्डवा की संयुक्त टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न जिलों में भेजा गया था ।

ज़ वाहन के तलाशी के दौरान वाहन में मिलें दस्तावेज के आधार पर वाहन का मालिक स्वामी डॉ शहजाद पिता रोशन खान निवासी बैरछा होना पाया गया एवं घटना का मास्टर माइंड होना भी पाया गया ।

ज़ संयुक्त टीमें बना कर संभावित ठिकानों पर दबिश देकर सभी आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई एवं डकैती में लुटा गया सामान बरामद किया गया ।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के पालन में गठित पुलिस टीमों द्वारा आरोपीं - आबिद पिता मुबारिक शाह, अय्यूब शाह पिता निजामुद्दीन शाह, दिनेश पिता रुखड़िया, दिलीप पिता रामचंद्र अहिरवार, शहज़ाद पिता रोशन ख़ान, रमेश पिता गजरिया मोरी, राजा उर्फ अब्दुल ग़फ़्फ़ार पिता अब्दुल हमीद ख़ान, नरसिंह पिता भलिया बघेल को गिरफ्तार किया गया जिनके द्वारा अपने फरार साथियों के साथ मिलकर उक्त घटना एवं जिला खण्डवा में की गई घटना करना स्वीकार भी किया .

### वारदात में इस्तेमाल स्कार्पियों कार सहित एक करोड़ से अधिक का सामान जब्त

01 सोने के आभूषण एक करोड़ पांच लाख रु,
02 स्कार्पियों वाहन (घटना में प्रयुक्त) 20 लाख रु,
03 अर्टिगा वाहन (घटना में प्रयुक्त) 10 लाख रु,
04 नगदी 57 हजार (लगभग) रु, कुल कीमती रुपयों में एक करोड़ पैत्तीस लाख सत्तावन हजार रुपये



थाना बाग जिला धार की घटना कुल 14 आरोपियों व्दारा घटित की गई थी व जिला खण्डवा की डकैती में कुल 16 आरोपी शामिल थे। उक्त आरोपियों में से कुल 10 आरोपी दोनों घटनाओं में शामिल हैं। थाना बाग जिला धार पुलिस व्दारा कुल 08 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई हैं उक्त आरोपियों में से 03 आरोपी ऐसे हैं जो दोनों घटनाओं में शामिल हैं। फरार आरोपीयों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक धार द्वारा 10 हजार रुपये के ईनाम की उदघोषणा की गई है। पुलिस महानिदेशक महोदय, भोपाल द्वारा धार एवं खण्डवा टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की है।

सराहनीय कार्य- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बाग निरी .कैलाश चौहान, थाना प्रभारी सेक्टर 01 निरी. ओ.पी.अहिर, थाना प्रभारी पीथमपुर निरी. सुनिल शर्मा, थाना प्रभारी टाण्डा निरी.संजय रावत,थाना प्रभारी कुक्षी निरी.राजेश यादव, थाना प्रभारी मनावर निरी. ईश्वरसिंह चौहान, थाना प्रभारी राजगढ़ निरी. समीर पाटीदार, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. दीपक सिंह चौहान, थाना प्रभारी सागौर उ.नि. प्रकाश सरोदे, उ.नि. तोसीफ अली ,उ.नि. भुपेन्द्र खरतिया व सायबर सेल प्रभारी उ.नि. प्रशांत गुंजाल, सायबर सेल धार टीम के प्रआर. सर्वेशसिंह सोलंकी, आर.प्रशांत सिंह चौहान, आर. रोहित नरगावे, आर. दिलिप यादव, आर. मनीष पाल, आर शुभम सिंह जादौन, व जिला शाजापुर थाना बेरछा टीम थाना प्रभारी निरी. भरतसिंह किरार, सउनि रघुनाथनसिंह राठौर, प्रआर. हेमेन्द्र सोलंकी, प्रआर. पिंकु यादव,प्रआर. रामपाल राठौड, आर. शैलेन्द्र तोमर, थाना मक्सी से प्र.आर.राजेश पटेल, प्र.आर. रामेश्वर जाटव, आर. चन्द्र शेखर थाना मक्सी पुलिस टीम खण्डवा का विशेष योगदान रहा है।

### नकली इनकम टैक्स टीम बनाकर डकैती की साजिश

पुलिस जांच में पता चला कि देवास निवासी नरसिंह बघेल जो मूल रुप से डही का रहने वाला हैं जो कि अपराधिक प्रवृत्ति का होकर बाग, मनावर में लगातार आना जाना करता रहता था। इसी दौरान उसकी दोस्ती दिनेश पिता रुखड़िया निवासी मनावर व रमेश मोरी निवासी बाग से हो गई उसने अपने साथियों का प्लान दोनो को बताया ओर इस क्षेत्र में रहने वाले व्यवसायियों की जानकारी देने के लिये बोला इस पर दिनेश के द्वारा अपने साथी आबिद ओर अय्युब से बात की ओर नकली इनकम टैक्स,सीबीआई पुलिस की टीम हैं जिसकी रेड डालकर हम लोग डकैती की घटना करेंगे ओर पीड़ति इसकी सूचना डर के कारण किसी को नही देगा, जिससे हमे बड़ा फायदा होगा। हम लोग अपने क्षेत्र में ऐसे पैसे वाले लोगो की जानकारी नरसिंह को देंगे । दिनेश ने अपने साथी अय्युब शाह निवासी मनावर व आबिद पेंटर निवासी बाग के माध्यम से फरियादी राजकुमार मालवीय के घर सोना एवं पैसा होने की जानकारी नरसिंह ओर दिलीप को दी, जिसके बाद नरसिहं द्वारा अपने साथी शहजाद को उक्त बाते बताई गई व शहजाद व्दारा प्लानिंग कर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर उक्त घटना को घटित किया गया था।

घटना दिनांक 13.03.26 को धार पुलिस की सक्रियता से आस-पास के थानाक्षेत्रों एवं समीपवर्ती जिलों में घटना में उपयोग काले रंग की संदिग्ध स्कार्पियों वाहन का होना पाया जाने से तत्काल नाकाबंदी एंव घेराबंदी की गई, जिससे स्थानीय रेकी टीम द्वारा आरोपियों को पुलिस की सक्रियता की सुचना दी गई जिसके डर से आरोपीं डकेती का सामान लेकर काले रंग की स्कार्पियों सुनसान जंगल में छोड़ कर अन्य वाहन अर्टीगा से भाग गयें ।

### घटना में शामिल आरोपी 8 गिरफ्तार, 6 फरार

01 शहज़ाद पिता रोशन ख़ान जातिमुसलमानउम्र35 साल निवासी म न 123 ग्राम बिरगोद थाना बेरछा जिला शाजापुर गिरफ्तार
02 नरसिंह पिता भलिया बघेल जाति भिलाला उम्र 37 साल निवासी 115 ओम साई विहार कॉलोनी थाना औद्योगिक क्षेत्र जिला देवास गिरफ्तार
03 दिलीप पिता रामचंद्र अहिरवार उम्र 45 साल निवासी हरिजन मोहल्ला ग्राम झोकर थाना मक्सी जिला शाजापुर गिरफ्तार
04 राजा उर्फ अब्दुल ग़फ़्फ़ार पिता अब्दुल हमीदख़ान उम्र32 साल निवासी नागझिरी सांवेर थाना सोनकच्छ जिला देवास गिरफ्तार
05 दिनेश पिता रुखड़िया वास्केलउम्र43 साल जाति भिलाला निवासी भिलटपुरा थाना मनावर जिला धार गिरफ्तार
06 आबिद पिता मुबारिक शाह जाति मुसलमान उम्र 64 साल निवासी नागेश्वर मंदिर के पास बायपास रोड, बाग जिला धार गिरफ्तार
07 अय्यूब शाह पिता निजामुद्दीन शाह जाति मुसलमान उम्र 56 साल निवासी वार्ड नंबर 02, लेंडीपुरा मनावर जिला धार गिरफ्तार
08 रमेश पिता गजरिया मोरी जाति भिलाला उम्र 32 साल निवासी ग्रिड के सामने ग्राम भमोरी थाना बाग जिला धार गिरफ्तार
09 संजय उर्फ संजीव उर्फ पंडित पिता चंद्र प्रकाश शर्मा जिला निवासी औरई जालौन उत्तर प्रदेश फरार
10 इकबाल पिता इशाक खान, मालीखेडी, शाजापुर फरार
11 अब्दुल निसार पिता अब्दुल सत्तार खान निवासी शाजापुर फरार
12 ? तन्मय उर्फ साहिल पिता दिलीप ठाकुर उम्र 26 साल निवासी एयरपोर्ट रोड़ इन्दौर हाल मुकाम बैरछा जिला शाजापुर फरार
13 ? मुरलीधर उर्फ आकाश उर्फ दादू पिता रामकिशन निवासी शांतिनगर नानाखेडा उज्जैन फरार

# साध्वी ऋतंभरा दीदी ने किया आर्यावृत पत्रकार संघ के लोगों का विमोचन

***आर्यावृत पत्रकार संघ को मिला आध्यात्मिक आशीर्वाद***

**बदनावर।** परम पूज्य साध्वी ऋतंभरा दीदी के करकमलों से आर्यावृत पत्रकार संघ के आधिकारिक लोगो का विधिवत विमोचन हजारों लोगों के बीच हुआ । इस अवसर पर दीदी मां ने पर्दे को हटाकर लोगो का अनावरण किया। उन्होंने पत्रकारों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का सशक्त स्तंभ है और पत्रकारों को सदैव सत्य, निष्पक्षता तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपनी लेखनी का उपयोग करना चाहिए।

दीदी ने कहा कि जब पत्रकार निर्भीक और निष्पक्ष होकर समाज के मुद्दों को सामने लाते हैं, तब लोकतंत्र मजबूत होता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है। उनके आशीर्वचन से उपस्थित पत्रकारों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ ।इस अवसर पर संत ऋषि राज्य महाराज एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सोमानी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी पत्रकारों की भूमिका को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में आर्यावृत पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिंह चौहान, महेश पाटीदार, नवीन चौहान, विनय पाटीदार, राकेश सिंह चौहान, डा गोपाल सिंह ठाकुर, प्रदीप पवार, शिवशंकर रिंगनोदिया, सचित बाहेती, मुकेश राठौर, सहित सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

इस दौरान सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर समाजहित, जनहित और निष्पक्ष पत्रकारिता को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



**एक नजर में** — विधायक ग्रेवाल ने ग्राम बोदली, हनुमंत्याकाग, कोठाखुर्द, टांडाखेडा दसई के ग्रामीणों के साथ कलेक्टर के नाम पर सौंपा आवेदन

# ग्राम पंचायतों के पैसा एक्ट में पारित प्रस्ताव को अनदेखा न करें प्रशासन : विधायक ग्रेवाल

**सरदारपुर।** तहसील की ग्राम पंचायत बोदली, हनुमंत्याकांग, टांडाखेडा दसई मे ग्राम सभा मे पैसा एक्ट मे सौर ऊर्जा के लिए जमीन आवंटित नही करने का प्रस्ताव पारित करने के बावजूद सौर ऊर्जा के लिए गौचर भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी होने पर सोमवार को विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा ग्राम पंचायत बोदली, हनुमंत्याकांग, टांडाखेडा दसई के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम पर एसडीएम सलोनी अग्रवाल को आवेदन सौंपा और ग्राम पंचायतो के पैसा एक्ट में पारित प्रस्ताव को अनदेखा नहीं करने एवं जमीन आवंटित नहीं करने की मांग रखी।



आवेदन के माध्यम से बताया है कि न्यायालय तहसीलदार, तहसील सरदारपुर ग्राम बोदली में कुल 219 शासकीय भूमि सर्वे नंबर एन.ई.आर.डी. (उर्जा विभाग) भोपाल को, न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त दसई टप्पा कार्यालय दसई तहसील सरदारपुर, ग्राम कोठ?ाखुर्द में कुल 6 शासकीय भूमि सर्वे नंबर एन.ई.आर.डी. (उर्जा विभाग) भोपाल को, न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त दसई टप्पा कार्यालय दसई तहसील सरदारपुर जिला धार द्वारा ग्राम हनुमंत्या काग में कुल 3 शासकीय भूमि सर्वे नंबर सौर उर्जा हेतु आवंटित करने, न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त दसई टप्पा कार्यालय दसई तहसील सरदारपुर द्वारा टांडाखेडा दसई के सेंकडो शासकीय भूमि सर्वे नंबर नविन नवकरणीय उर्जा विभाग भोपाल को आवंटित करने के लिए सुचना पत्र जारी किये गए है लेकिन ग्राम पंचायत बोदली, हनुमंत्या काग, टांडाखेडा दसई द्वारा समय सीमा में समस्त शासकीय भूमि सौर उर्जा के लिए आवंटित नही करने हेतु पैसा एक्ट के तहत ग्राम सभा मे प्रस्ताव पारित किया जाकर सम्बंधित तहसील न्यायालय को दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है यह गोचर भूमि आवंटित करने पर ग्रामीणो की भी आपत्ति है।

### गोचर भूमि आवंटित करने पर ग्रामीणों की आपत्ति है

यह समस्त भूमि कार्यालय एन.ई. आर.डी. भोपाल को आवंटित करने से गरीब आदिवासी भूमिहीन हो जाएंगे, गोचर के लिए भूमि नही बचेगी क्योकि संबंधित विभागों द्वारा समस्त शासकीय भूमि आवंटित करने की कार्रवाई की गई है जो कि उचित नही है। इसलिए ग्राम सभा मे पैसा एक्ट के तहत पारित प्रस्ताव अनुसार ग्राम बोदली, हनुमंत्या काग, कोठ?ाखुर्द, टांडाखेडा दसई स्थित शासकीय गोचर भूमि को एन.ई.आर.डी. (उर्जा विभाग) भोपाल सहित अन्य विभागों को आवंटित नही की जाए। इस दौरान ग्राम पंचायत बोदली सरपंच भमरसिंह भूरिया, हनुमंत्याकांग सरपंच नारायण कटारा, पूर्व सरपंच पुष्कर ग्रेवाल, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दिनेश चौधरी, अमृत चौधरी आदि उपस्थित रहे।